

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 22 जनवरी 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

### आज जगह-जगह होंगे विविध आयोजन

# प्राण प्रतिष्ठा आज, श्री राम की भक्ति के रंग में रंगा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अयोध्या में आज होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन जिस तरह से राम की नगरी भक्तिमय हुई है उसी तरह ऊर्जा नगरी भी राम की भक्ति में डूब चुकी है। अंचल का हर हिस्सा सराबोर है। धार्मिक स्थल से लेकर सार्वजनिक स्थल एवं नदियों के घाटों से लेकर चौक चौराहों तक सजावटों से जगमगा रहे हैं। रामलाल की अगुवानी में अंचल तैयार खड़ा है।

भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा आज सोमवार को सरयू नदी के किनारे अयोध्या में विधि विधान के साथ इस अवसर पर देश जहां राममय हो गया है, वहीं इससे ऊर्जा नगरी भी अछूती नहीं है। राम की नगरी की भांति ऊर्जा नगरी भी अपने रघुराई के लिए सजधजकर तैयार हो गई है। आम नगरवासियों के साथ साथ जिला प्रशासन भी इस अभूतपूर्व अवसर को यादगार बनाने के लिए जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। शहर से लेकर उपगनरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण अंचल भक्ति के सराबोर में डूबे हुए हैं। धार्मिक स्थलों में जहां सुबह से ही भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना का दौर शुरु होगा, दोपहर में भोग भंडारे के आयोजन होंगे तो वहीं शाम को नदियों के घाटों में दीपदान किए जाएंगे। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थानों में दीपात्सव के कार्यक्रम भी आयोजन होंगे। ग्रामीण अंचलों में भी भक्ति को लेकर अपने स्तर पर धार्मिक संस्थानों में धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन पूर्व रविवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में शोभायात्रा निकाली गई। शारदा विहार कॉलोनी और नेहरु नगरवासियों ने शोभायात्रा निकाली जो नगर भ्रमण करते हुए रामजानकी मंदिर में पहुंचकर समाप्त हुई। प्राण प्रतिष्ठा में जहां धार्मिक स्थानों में पूजा अर्चना के कार्यक्रम होंगे तो वहीं जिला प्रशासन ने बुधवारी रामजानकी मंदिर में जिला कार्यक्रम आयोजित किया है जहां मानस मंडली के द्वारा रामचरितमानस का पाठ करने के अलावा अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा।



पाली शिव मंदिर से निकली शोभायात्रा।



साडा कालोनी शिव मंदिर से निकली शोभायात्रा में आकर्षक झांकी।

## ध्वजा वितरण व भजन के साथ घर-घर दे रहे निमंत्रण



अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए बीजेपी नेता विकास महतो के साथ कार्यकर्ताओं की टोली घर-घर जाकर अक्षत वितरण कर निमंत्रण दे रहे हैं। खास बात यह कि निमंत्रण भ्रमण के दौरान भजन कीर्तन करती हुई टोली के साथ हनुमान रूप धरे भी कार्यकर्ता साथ रहते हैं। घर पर लगाने के लिए ध्वजा का भी वितरण किया जा रहा है। बुधवार की शाम निहारिका स्थित श्री महामृत्युंजय मंदिर में पूजा अर्चना कर मंदिर समिति के वरिष्टगणों, पदाधिकारियों व अन्य सदस्यों के साथ कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की गई। नगर निगम आवासीय परिसर में घर-घर जाकर पूजित अक्षत, राम मंदिर का चित्र एवं निमंत्रण पत्र प्रदान कर 22 जनवरी को दीपोत्सव एवं महाआरती में शामिल होने की अपील की। बजरंग दल के जिला अध्यक्ष राणा के साथ बजरंग दल के सदस्य भी शामिल रहे।

## छठ घाट पर महाआरती, रामलीला मैदान में जलेंगे 51 सौ दीप

रामभक्त सेवा महोत्सव समिति द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के अवसर को यादगार बनाने के लिए बालको उपनगरीय क्षेत्र में विविध कार्यक्रम किए जा रहे हैं। राम मंदिर छठ घाट में महाआरती की जाएगी। देर शाम महाआरती का आयोजन किया गया है। जिसमें बालकोनगर वासियों के साथ साथ आसपास के ग्रामीण अंचलों के लोग भी शामिल होंगे। इसके साथ ही बालको के प्रसिद्ध रामलीला मैदान में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया है। राममंदिर छठ घाट में भव्य हनुमान चालिसा का पाठ किए जाने के साथ ही 21 सौ दीये प्रज्जवलित किए जाएंगे तथा झांकी लगाने के साथ महाआरती का आयोजन भी किया जाएगा। रामलीला मैदान में शाम 4 बजे से कर्मा नृत्य, राउत नाचा, आतिशबाजी करने के साथ ही 51सौ दीये प्रज्ज्वलित किए जाएंगे।

## कटघोरा में होंगे विविध आयोजन, निकलेगी रैली



जिले का उपनगरीय क्षेत्र कटघोरा भी पूरी तरह से राममय हो चला है। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जगह जगह कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इसी क्रम में कटघोरा के हनुमान मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड संध्या और विशेष पूजन अनुष्ठान के आयोजन के साथ साथ विशाल राम रैली व संध्या दुर्ग के आर्केस्ट्रा ग्रुप द्वारा भक्तिमय प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही भक्तजनों के द्वारा विशाल भंडारा किया जाएगा जो दिन भर चलेगा। सभी जगह भगवा तोरण, नगर के मुख्य चौराहे शहीद वीर नारायण चौक को बहुत ही सुंदर सजाया जा रहा है। यह आयोजन किसी समिति नही अपितु सर्वसमाज के सहयोग से किया जा रहा है। मुख्यमार्ग बाज़ार मोहल्ला तथा परिधान वस्त्रालय के सामने स्थित हनुमान मंदिर तथा चकचकवा पहाड़ स्थित राम मंदिर को सुदर फूल मालाओं व रोशनी से सजाया जा रहा है तथा नगर के सभी मंदिरों में सजावट व पूजा की तैयारी की जा रही है। कटघोरा नगर के जय देवा गणेशोत्सव समिति द्वारा नगर में भव्य आयोजन को लेकर केरल के शिवाकाशी के पटाखा कारीगरों द्वारा नगर में मुख्य चौराहे के पास विशेष आतिशबाजी की जाएगी। समिति द्वारा इसके लिए तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है।

## सर्वमंगला मंदिर में दीपोत्सव एवं नदी में दीपदान

रघुराई के आगमन के अवसर पर मां सर्वमंगला मंदिर परिसर में व्यापक तैयारियां की गई है। सुबह 11 बजे से मुख्य पुजारी के द्वारा पूजा अर्चना का दौर शुरु करने के साथ 51 सौ दीये प्रज्जवलित किए जाएंगे। जिसकी तैयारियां मंदिर के व्यवस्थापक के द्वारा एक सप्ताह पूर्व से ही की जा रही थी। मंदिर परिसर में प्रज्जवलित होने वाले 51 सौ दीये के लिए मंदिर व्यवस्थापक के साथ साथ आम लोगों की भागीदारी नजर आ रही है। पूजा अर्चना के बाद भोग भंडारा का आयोजन भी किया गया है। इसके साथ हसदेव नदी घाट में देर शाम दीप दान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नमामि हसदेव समिति के द्वारा आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल होंगे। दीप दान की तैयारियां नमामि हसदेव समिति के द्वारा पूरी कर ली गई है।

## प्रगति नगर दीपका में निकाली गई शोभायात्रा



प्रगति नगर दीपका में भगवान प्रभु श्री राम की जय घोष के साथ शोभायात्रा निकाली गई। 21 से 28 जनवरी तक 11 कुण्डीय मानस महा यज्ञ एवं श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर रमाकांत महाराज के सानिध्य में विशाल मानस यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह कलश यात्रा 11 कुंडिय महा यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर प्रगति नगर कॉलोनी बजरंग चौक दीपका होते हुए वापस यज्ञ स्थल पहुंची। कथा का आयोजन सुबह 9 बजे से यज्ञ एवं शाम 3 बजे से 7 बजे तक कथा का आयोजन किया गया है।

## 10 हजार दीये व 6 सौ हनुमान चालिसा पाठ का हुआ वितरण



22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा किया जा रहा है। इसी कड़ी में 20 जनवरी को विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल जिला के अखिलेश भारती एवं संस्था के कार्यकर्ताओं के द्वारा श्रीसप्तदेव मंदिर में साफ सफाई का कार्य किया गया। इस अवसर पर श्री सप्तदेव मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी की उपस्थित थे जिन्होंने नमामि हसदेव की महाआरती हेतु 10 हजार दीये एवं घर घर पाठ हेतु 6 सौ हनुमान चालीसा निःशुल्क वितरण किया गया।

## शारदा विहार स्थित शिव मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा



शारदा विहार शिव मंदिर से अमरैयापारा मोड पर बायपास रोड और चिमनीभट्टा होते हुए पावर हाउस रोड से वापस शारदा विहार तक शोभायात्रा निकाली गई। जो पावर हाउस रोड, टीपी नगर, सीएसईबी चौक होते हुए वापस शारदा विहार पहुंचकर समाप्त हुई। सोमवार को कॉलोनी परिसर में रामचरितमानस का आयोजन किया गया है। जिसमें अयोध्या से वापस आये कार सेवक का सम्मान किया जाएगा। वर्तमान में 10 लोग अयोध्या की ओर गए थे जिनमें से 9 व्यक्ति अयोध्या में ही रुके हुए हैं वहीं एक कारसेवक वापस आ चुके हैं जिनका सम्मान किया जाएगा।

## 22 को कटघोरा में मनाई जाएगी दीपावली

22 जनवरी सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा के दिन कटघोरा नगर में दीवाली जैसा माहौल बनाया जाएगा। इस दिन को दिवाली के रूप में मनाया जाएगा। साथ ही कटघोरा में इस दिन को लेकर खास तैयारी की जा रही है। 22 जनवरी को कटघोरा नगर के लोग दीपावली के रूप में धूमधाम से मनाएंगे। रामभक्त कटघोरा नगर में घर-घर जाकर अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर का निमंत्रण दिया। निमंत्रण के साथ उन्होंने पीले अक्षत भी दिए। इसी के साथ सभी भक्तों को अपने घरों, कॉलोनियों, मोहल्ले, मंदिरों में पांच-पांच दीपक जलाने और इस दिन को हर्षोल्लास के साथ दीपावली के रूप में मनाने का आग्रह किया।

## निगम कॉलोनी स्थित महामृत्यंजय मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा



नगर निगम के आवासीय परिसर साडा कॉलोनी निहारिका स्थित श्री महामृत्युंजय मंदिर से 21 जनवरी को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में निकाली गई, इस भव्य शोभा यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने जय श्री राम उद्घोष के साथ अपनी सहभागिता निभाई। 22 जनवरी को सुबह 10 बजे मंदिर में श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा तथा प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण श्रद्धालुओं को कराया जाएगा। शोभा यात्रा में नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी एवं उनके परिवार जनों के साथ-साथ काफी संख्या में शहर के श्रद्धालु शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### तीन दिन बंद रहेगी मांस की दुकान, आदेश जारी

**कोरबा।** इस माह तीन दिन मांस की दुकान बंद रखने का निगम ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस और 30 जनवरी गांधी निवार्ण दिवस को पशुवध बंद रखने को कहा है। बता दें कि सूबे के सरकार ने पहले ही 22 जनवरी को राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पशुवध बंद रखने का आदेश जारी किया है। इसके बाद नगर पालिक निगम कोरबा के संपदा अधिकारी ने जनवरी महीने में तीन मास की दुकानें बंद रखने का आदेश जारी किया है।

### महाविद्यालय पाली में राष्ट्रीय कार्यशाला का 27 को

**पाली।** शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली में आगामी 27 जनवरी को राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय कार्यशाला "विकसित भारत 2047 में नीडोनामिक्स की सार्थकता विषय पर आयोजित हैं। इस राष्ट्रीय कार्यशाला में प्रदेश के साथ साथ अनेक राज्यों से शिक्षाविद् और प्राध्यापक जुटेंगे। इस राष्ट्रीय कार्यशाला के बारे में जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पुष्पराज लाजरस ने कहा कि आयोजन समिति का गठन कर उन्हें कार्यशाला को सफल संचालन की जिम्मेदारी दीं गई है।

# विद्युत पोल को काटकर खपाने वाले गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वनांचल क्षेत्र में लगे 7 नग विद्युत खंभों की चोरी करने वाले गिरोह के 4 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने पिकअप वाहन को जप्त किया है। सीएसईबी के दर्री जोन में पदस्थ लाइनमेन आनंद उज्जैनी ने लेमरु थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम केउबहार लेमरू के बिजली लाईन में लगे बिजली के कुल 7 नग खंभों की चोरी कर पिकअप वाहन कमांक सीजी 12 बीए 5644 के चालक द्वारा गैस कटर से काटकर चोरी कर लिया गया है। प्रार्थी की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लेंमरू थाना प्रभारी जितेंद्र यादव के नेतृत्व में उनके अधीनस्थ कर्मचारियों के द्वारा चोरी के संबंध में पतासाजी की जा रही थी। इस बीच लेमरु थाना प्रभारी श्री यादव द्वारा मामले की छानबीन के बीच उक्त वाहन के पंजीकृत वाहन स्वामी आरोपी जगदीश पटेल को पकड़कर पूछताछ करने पर उसके द्वारा क्षेत्र से अपने साथियों के साथ मिलकर बिजली खंभा की चोरी करना कबूल कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने इस मामले में ग्राम चचिया करतला निवासी जगदीश पटेल उम्र- 38 वर्ष, पिता तुलसीराम पटेल, बरपाली श्यांग निवासी मेमन 30 वर्ष पिता अयूब मेमन, मुड़ापार निवासी गेंदराम बघेल 55 वर्ष पिता फिरत राम बघेल, नोनबिर्रा निवासी अब्दुल रब उर्फ टिपू 30 वर्ष पिता अब्दुल बहाब को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन कमांक सीजी 12 बीए 5644 तथा बिजली खंभों को बेचकर आपस में बांटी गई रकम में से कुल 55 सौ रुपए जप्त किया गया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा- 379,201, 136 विद्युत अधिनियम 2003, धारा 3 लोक सम्पत्ति को नुकसानी का निवारण अधिनियम 1984 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

## मुरली में किया गया गौरा-गौरी का विसर्जन

**हरदीबाजार।** ग्राम मुरली इमलीपारा में गौरा गौरी की बारात शनिवार को मांदर की थाप के साथ भगवान शिव - पार्वती विवाह की सभी रस्में निभाने के बाद रविवार को सुबह गौरा गौरी विसर्जन यात्रा निकाली गई जो इमलीपारा से बस स्टैंड होते हुए सुल्तान तालाब पहुंची। जहां पारंपरिक मांदर की थाप पर विसर्जन किया गया। भारी संख्या में लोग बाजे-गाजे की धुन पर थिरकते रहे। इस अवसर पर सरपंच राजमति दशरथ सिंह कंवर, जनपद सदस्य जमुना देवी पटेल,बसंती बाई कंवर, मानकुंवर कंवर, बुधवारो बाई, ललिता महंत, चमारिन बाई, दर्शन बाई कंवर, दादू सिंह कंवर, पदुम सिंह कंवर, दिलहरण कंवर,फिरन सिंह कंवर, सुरेश कुमार कंवर, गुलाब कंवर, अजमेर कंवर,बैगा धन सिंह,अनिल पटेल, सुनील कंवर,रहमान कुरैशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

### युवा कांग्रेस ने किया भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रोजगार दो, न्याय दो पोस्टर का विमोचन

# केंद्र सरकार ने रोजगार के नाम पर बेरोजगारों से किया छल : आकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार द्वारा रोजगार के नाम पर बेरोजगारों के साथ छल करने के कारण प्रदेश में पिछले 10 साल के दौरान बेरोजगारी बढ़ी है। किसी भी सरकारी विभाग में भर्ती नहीं निकली है इसलिए बेरोजगारी के साथ ही महंगाई बढ़ी है। इसलिए युवा कांग्रेस द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ रोजगार दो, न्याय दो अभियान शुरू किया गया है।

उक्त बाते युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने रविवार को पत्रकारवार्ता के दौरान कही। इस दौरान उनके साथ युवा कांग्रेसियों ने रोजगार दो, न्याय दो के पोस्टर का विमोचन भी किया। श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा कोरबा से होकर गुजरेगी। जो रूट चार्ट बनी है उसके अनुसार भारत जोड़ो न्याय यात्रा रायगढ़, सक्ती, चांपा होकर कोरबा से कटघोरा होते हुए उदयपुर की ओर जाएगी। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस के सारे पदाधिकारी इस अभियान के तहत बेरोजगार युवाओं को जोड़ रहे हैं, ब्लाक लेवल पर लगातार युवा जुड़ रहे हैं और नए पदाधिकारी बन रहे हैं। केंद्र सरकार बस जुमलेबाजी करती है और पकौड़ा तलने को रोजगार बताती है, जबकि रोजगार के लिए शिक्षित युवा बेरोजगार होते जा रहे हैं, उनके हाथ से समय निकलता जा रहा है। वर्तमान में जो देश में चल रहा है उससे केंद्र सरकार धर्म के नाम पर महौल तो बना सकती है लेकिन रोजगार के लिए क्या किया जा रहा है सब देख रहे हैं। छत्तीसगढ़ में रायगढ़ और कोरबा औद्योगिक जिला है जहां के युवा धूल, राखड़ के साथ प्रदूषण खा रहे हैं, भारी वाहनों के दबाव से सड़क पर जान गवां रहे हैं लेकिन जब उनके रोजगार की बारी आती है तो खानापूर्ति की जाती है। इसलिए रोजगार दो, न्याय दो अभियान चलाया जा रहा है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से पहले रोजगार दो, न्याय दो बड़ा मुद्दा साबित होगा और लोकसभा चुनाव में इसका फायदा ⏭ शेष पेज 3 पर



पत्रकारवार्ता में उपस्थित युवा कांग्रेस के पदाधिकारी।

### पुख्ता आंकड़े के साथ बताएंगे बेरोजगारी की स्थिति

युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने बताया कि युवा कांग्रेस का रोजगार दो, न्याय दो अभियान में हम प्रदेश में 5 साल कांग्रेस सरकार के दौरान मिले रोजगार व 10 साल में केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए रोजगार का पुख्ता आंकड़ा सामने लाएंगे। किस विभाग में कितनी रिक्तियां है और कितने रोजगार दिए गए, प्रदेश में बेरोजगारी की स्थिति भी बताएंगे। इस बार प्रत्यक्ष रूप से जुड़ने के अलावा डिजिटल तरीके से भी युवाओं तक अभियान को पहुंचाते हुए तथ्य के साथ बेरोजगारी का हाल बताएंगे।

## जटगा में अवैध उत्खनन, जेसीबी जप्त



**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले जटगा वन परिक्षेत्र के मुकवा के कक्ष क्रमांक पी 255 में अवैध उत्खनन किया जा रहा था। कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत को जैसे ही मुखबीर से इसकी सूचना मिली उन्होंने आरोपियों की धरपकड़ के लिए जटगा वन परिक्षेत्र अधिकारी को निर्देश जारी किया जिसके उपरांत वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मुकवा परिसर के कक्ष क्रमांक पी 255 में जंगल में अवैध उत्खनन में लगे जेसीबी को जप्त कर लिया गया है। इस मामले में वन विभाग ने सलीम पिता शुभान अंसारी के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।


अयोध्या नगरी में प्रभु श्री राम पधारेंगे,
22 जनवरी को हम दीपोत्सव मनायेंगे
श्री रामलला
प्राण प्रतिष्ठा समारोह की आप सभी राम भक्तों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
जय श्री राम
श्री अरूण साव
मान. उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
लोरमी में बनेगी बेर से विश्व की
सबसे बड़ी प्रभु श्रीराम जी की रंगोली
प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का अयोध्या से द्वारा लाईव प्रसारण एवं सांस्कृतिक
कार्यक्रय का भव्य आयोजन जिसमें आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं
स्थान : हाई स्कूल मैदान लोरमी समय – 11 बजे
हितानंद अग्रवाल
संजय रजक
विनय साहू
गुरनीत सलूजा
विक्रम सिंह
प्रदीप मिश्रा
महाजन जायसवाल
दिनेश साहू
जीतेन्द्र चौबे (जीत्तू)
राजन जायसवाल

## बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरमुड़ा में हुई थी घटना

# पत्नी की हत्या कर चूल्हे पर झोंकी थी लाश, आरोपी पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक शातिर पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर पुलिस को चकमा देने के लिए उसकी लाश को चूल्हे में जला लिया था ताकि पुलिस इसे घटना समझे और मामले में आरोपी बच सके लेकिन पुलिस के सामने आरोपी पति की एक ना चली और आखिरकार पुलिस ने हत्या के मामले को सुलझाते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

मामला बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरमुड़ा की है। यहां निवासरत बृजबाई टेकाम कुंवर आंगनबाड़ी सहायिका थी। शनिवार को उसके घर में जले हुए हालत में उसकी लाश मिली थी। तब उसका पति कृष्णा टेकाम जंगल गया था। वापस लौटने पर उसने खुद को घटना से अंजान बताया था। उसने सुबह खाना बनाते समय आग से झुलसकर मौत होने की बात कही थी लेकिन पुलिस को पड़ोसियों ने बता दिया कि रात में पति और पत्नी के बीच विवाद हुआ था। फिर क्या था पुलिस को उस पर संदेह गहरा गया। पुलिस ने संदेह पर पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की तब बृजबाई टेकाम का पति कृष्णा टेकाम ही आरोपी निकला। कृष्णा ने अपना जुर्म कुबूल कर लिया। विवाद के दौरान उसने बृजबाई टेकाम की हत्या कर उसके शव को चुल्हे के हवाले कर दिया था और मामले को आगजनी की शक्ल देने की कोशिश की थी। आरोपी पति के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध कायम कर पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।



पुलिस गिरफ्त में हत्या का आरोपी।

### पति के हमले से पत्नी की मौत

दर्री थाना क्षेत्र के ग्राम कुमगरी में निवासरत अमृतलाल की शादी लगभग 12 वर्ष पूर्व सनीरो यादव से हुई थी। एक दशक बीत जाने के बाद भी दोनों को संतान सुख की प्राप्ति नहीं हुई थी। बताया जाता है कि 17 जनवरी की तड़के किसी बात को लेकर अमृतलाल यादव और उसकी पत्नी सनीरो बाई के बीच वाद विवाद हो गया था। जिसके बाद अमृतलाल ने आवेश में आकर घर में रखे ईट से अपनी पत्नी सनीरो बाई के सिर पर प्राणघातक हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से बेहोश होकर गिर पड़ी और कुछ देर बाद ही अमृतलाल ने घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। जब घर में मौजूद घर के सदस्यों को इसकी जानकारी मिली तो अमृतलाल और उसकी पत्नी सनीरो बाई को उपचार के लिए आनन फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान अमृतलाल की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी सनीरो बाई का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था। रविवार को इलाज के दौरान शनिरोबाई की मौत हो गई। जहां मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### अनुज बने कलार महासभा कोरबा परिक्षेत्र के अध्यक्ष



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ कलार महासभा कोरबा परिक्षेत्र के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव रविवार को घंटाघर स्थित सामाजिक भवन में आयोजित किया गया। जहां अनुज जायसवाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को भारी मतों से मात देते हुए चुनाव जीतकर अध्यक्ष पद अपने नाम कर लिया। समाज के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार थे जिसमें अनुज जायसवाल ने 189 और विष्णु राम 84 मत हासिल किया। इस तरह अनुज जायसवाल ने 105 मतों से विजय हासिल की है। उपाध्यक्ष के लिए देव जायसवाल और सचिव पद के लिए सुभाष डनसेना विजय हासिल की है।

### चित्रलेखा बने कोरबा ग्रामीण के जिला मीडिया प्रभारी



**भैसमा।** जिला महिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण के तत्वाधान में जिला महिला कांग्रेस कोरबा ग्रामीण का जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त की गई। जिसमें तुमान निवासी चित्रलेखा श्रीवास को कोरबा ग्रामीण का जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, ग्रामीण अध्यक्ष प्रभा तवर, महापौर राजकिशोर प्रसाद, सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे तथा इनकी उज्जवल भविष्य की कामनाएं की और अपने दायित्व के प्रति जागरूक रहेंगी।




पृष्ठ 1 का शेष

### केन्द्र सरकार...


भी कांग्रेस को मिलेगा। प्रेस वार्ता के दौरान युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (शहर) राकेश पंकज, जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) विकास सिंह, जिला प्रभारी (शहर) आकाश मिश्र व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार पति की मौत, पत्नी गंभीर

**सूरजपुर।** पत्नी के साथ घर लौट रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ आ रहे ट्रैलर वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए पति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पत्नी की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। घटना के बाद चालक वाहन मौके पर ही छोड़ फरार हो गया। इधर पुलिस ने घटना कारित वाहन को जब्त कर चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम देवनगर बड़कापारा निवासी रविशंकर सोनवानी शुक्रवार को पत्नी कविता सोनवानी के साथ बाइक से किसी काम के सिलसिले में शिव प्रसाद नगर गए थे। दूसरे दिन दोनों बाइक से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही मुख्य मार्ग कलुवा के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 15 एसी 5595 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार पति की मौके पर ही मौत हो गई।




हर घर में एक ही नाम, एक ही नारा गूंजेगा, मेरे भारत का बच्चा बच्चा
जय जय श्री राम बोलेगा...
अयोध्या भव्य मंदिर में
श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा
की आप सभी राम भक्तों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
सुजीत राठौर
उर्वशी सुजीत राठौर
पार्षद वार्ड क्र. 10
समस्त जिलेवासियों को
रामलला प्राण प्रतिष्ठा
समारोह की
हार्दिक शुभकामनाएं...
सायंकाल घर
दुकान/कार्य स्थल
पर 5 दीपक जलाएं...
अजय विश्वकर्मा
अध्यक्ष-भारतीय जनता पार्टी, कोसाबाड़ी मंडल
जय श्रीराम
समस्त जिलेवासियों को
रामलला
प्राण प्रतिष्ठा समारोह
की
हार्दिक शुभकामनाएं...
आज शाम अपने
घरों में
पांच दीपक
अवश्य जलाएं...
प्रदीप पटेल
अध्यक्ष-भारतीय जनता पार्टी, बरपाली मंडल
अयोध्या भव्य मंदिर में
श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा
की आप सभी राम भक्तों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
जय श्री राम
आज शाम अपने
घरों में
पांच दीपक
अवश्य जलाएं...
लक्ष्मी श्रीवास
अध्यक्ष-भारतीय जनता पार्टी, कुदमुरा मंडल
जय श्री राम
समस्त जिलेवासियों को
रामलला
प्राण प्रतिष्ठा समारोह
की
हार्दिक शुभकामनाएं...
सूर्य प्रकाश शर्मा
अध्यक्ष-भारतीय जनता पार्टी, दीपका मंडल
श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा
हार्दिक शुभकामनाएं...
गिरधारी बरेठ
जय श्रीराम
श्रीराम
अयोध्या भव्य मंदिर में
श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा
हार्दिक शुभकामनाएं...
आज शाम अपने घरों
प्रतिष्ठानों में पांच दीपक
अवश्य जलाएं...
अजय गोंड
पार्षद-वार्ड नंबर 32 कोसाबाड़ी
जय श्रीराम
समस्त जिलेवासियों को
रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह की
हार्दिक शुभकामनाएं...
भागवत विश्वकर्मा
मंडल अध्यक्ष-भाजपा, बांकीमोंगरा
समस्त जिलेवासियों को श्रीराम जन्म भूमि मंदिर, अयोध्या
रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह की हार्दिक शुभकामनाएं...
रामलला के स्वागत में मंगल गीत गाएं, जिले को राममय बनाएं
सायंकाल घर, दुकान/कार्य स्थल पर 5 दीपक जलाएं...
जय श्रीराम
उदय शर्मा
करण दास
शिव पाल दास
जय श्रीराम
पीयूष गुरुद्वान
संदीप अग्रवाल
दिव्य शोभायात्रा ग्राम बरपाली में आप सभी रामभक्तों का हार्दिक अभिनंदन है....
अयोध्या भव्य मंदिर में
श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा
की आप सभी
राम भक्तों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
इस अवसर को देव दीपावली की तरह मनाएं, आज शाम
अपने घरों, मंदिरों में ढेरों दीपक जलाएं...
अशोक मोदी


रामो विग्रहवान धर्मः
प्रभु श्री राम के ननिहाल
ऊर्जाधानी व छत्तीसगढ़ की ओर से अयोध्या में
रामलला के प्राण प्रतिष्ठा
महोत्सव की
अनंत शुभकामनाएं...
हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे
लखन लाल देवांगन
वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
नरेंद्र देवांगन
प्रफुल्ल तिवारी
नरेंद्र पाटनवार
सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

## खबर संक्षेप

### रविशंकर शुक्लनगर में राम कथा का आयोजन आज से

**कोरबा।** पंडित रविशंकर शुक्ला नगर स्थित कपिलेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में सोमवार से भव्य राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए कपिलेश्वर महिला मंडल ने तैयारी पूरी कर ली है, राम कथा के लिए चित्रकूट से पंडित विवेक महाराज पधार रहे हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर राम कथा की सुंदर प्रस्तुति दी है। सोमवार को सुबह 11 बजे से मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा निकाल ली जाएगी जो पूरे कॉलोनी में भ्रमण करते हुए वापस मंदिर प्रांगण में आकर समाप्त होगी।

### शिवाजी नगर में निकलेगी कलश एवं शोभायात्रा

**कोरबा।** भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शिवाजी नगर के कॉलोनिवासियों के द्वारा कॉलोनी परिसर में स्थित माता त्रिशक्ति मंदिर में शिव लिंग की स्थापना की तैयारी की गई है। इसके लिए सोमवार को भगवान शिव एवं शिव परिवार की कलश एवं शोभायात्रा शिवाजी नगर एमआईजी 1 से दोपहर 1 बजे निकलकर शिवाजी नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर माता त्रिशक्ति पहुंचेगी।

### सालिगराम मंदिर में होगा प्रसाद वितरण

**कोरबा।** वार्ड क्रमांक 17 पथर्रीपारा में स्थित सालिकराम मंदिर में बीते एक सप्ताह से सुबह के समय निकाली जा रही प्रभातफेरी का समापन प्राण प्रतिष्ठा के दिन सालिगराम मंदिर परिसर में खीर प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा। सोमवार को सुबह 7 बजे से प्रभातफेरी का शुभारंभ कर मानसनगर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर पहुंचेंगे। जहां प्रात 9 बजे से हनुमान चालिसा का पाठ व रामचरित मानस का पाठ किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### पाली क्षेत्र में निकली भव्य शोभायात्रा

**पाली।** जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक पाली में 11वीं शताब्दी पुराने शिव मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर 21 एवं 22 जनवरी को समूचे पाली क्षेत्र में विविध धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी चल रही है। नगर पंचायत पाली भगवा रंग से सराबोर हो गया है। पाली क्षेत्र के गांव-गांव में 22 जनवरी को देवस्थानों में भजन कीर्तन और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। 22 जनवरी को हनुमान मंदिर, शिव मंदिर परिसर घाट में 21 हजार दीये प्रज्वलित किए जाएंगे। ।

### ग्राम पंचायत संडैल में भंडारा आज

**सरगबुंदिया।** ग्राम पंचायत संडैल में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर श्री राम जन्मभूमि सेवा संघ संडैल के तत्वावधान में एकदिवसीय रामायण संकीर्तन, हनुमान चालीसा पाठ, सुंदर कांड पाठ एवं 22 जनवरी को भंडारा का आयोजन किया गया है। जिसमें समस्त ग्रामवासी एवं सभी श्रद्धालुओं को भंडारा में शामिल होने का अपील किया गया है तथा इस ऐतिहासिक पर्व को धूमधाम से मनाकर भगवान श्री रामचंद्र जी का आशीर्वाद प्राप्त कर पुण्य का भागीदारी बने।

### अंजोरीपाली, भैसमा में भजन कीर्तन भोग भंडारा का आयोजन

**भैसमा।** श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर 22 जनवरी को भैसमा की स्थानीय श्री शिव हनुमान मंदिर में पूजन भजन एवं रामायण पाठ एवं रामायण गायन , भोग प्रसाद वितरण का आयोजन रखा गया है जिसमें आसपास के ग्राम एवं ग्राम के समस्त ग्रामवासियों का आयोजन मंदिर समिति द्वारा आमंत्रित किया गया।

### प्राण प्रतिष्ठा पर बरपाली में आज निकलेगी शोभा यात्रा

**बरपाली।** 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। इस अवसर पर पूरे देश में दिवाली मनाई जाएगी, पूरे देश में सजावट हो रही है। जगह जगह भव्य शोभा यात्रा निकाली जा रही है। इसी तर्ज पर 22 जनवरी को दिव्य शोभा यात्रा दोपहर 2 बजे मां मड़वारानी मंदिर बस्ती से निकलेगी जो कि बस्ती से भाटापारा होते हुए बस स्टैंड के मड़वारानी मंदिर पहुंचेगी। वहां से राम मंदिर, शिव मंदिर होते हुए रेलवे फाटक तक जाएगी।

# सोलर लाइट से रौशन होंगे संरक्षित जनजाति के बसाहट क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पिछड़ी संरक्षित पिछड़ी जनजातियों के बसाहट वाली क्षेत्रों को सोलर लाइट से रोशन किया जाएगा। इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने पिछले 10 दिन तक बसाहट क्षेत्रों का दौरा कर ऐसे क्षेत्रों को चिन्हांकित किया था और क्रेडा को सोलर लाइट लगाने के लिए जिम्मेदारी दी गई है। दूरुस्थ क्षेत्रों में पंडो कोरवा आदि जनजाति निवास करते हैं जहां मुख्यमार्ग सहित लाइट की व्यवस्था की जा रही है। पहाड़ों पर रहने वाली विशेष पिछड़ी जनजाति कोरवा, बिरहोर और पंडो के घरों में सौर पैनल लगाए जाएंगे। अब इनके घर सौर ऊर्जा से जगमगाएंगे। 23 बसाहटों के 219 घरों का क्रेडा के माध्यम से विद्युतीकरण किया जाएगा। हरेक घर में 50 हजार की लागत से 300 वाट का सौर पैनल लगाया जाएगा। दुर्गम स्थान होने की वजह से यहां बिजली की सुविधा नहीं पहुंच सकी है। अब केंद्र सरकार की पहल से जिला प्रशासन सौर ऊर्जा से बिजली देने की कवायद में जुटा है। बीहड़ पहाड़ी क्षेत्र में रहने वाले कोरवा, पंडो और बिरहोर जैसी विशेष पिछड़ी जनजाति के लोग आज भी अंधेरे में जीवन-बसर कर रहे हैं। ऐसे परिवारों को अब केंद्र सरकार ने जनमन योजना के तहत रोशन करने का फैसला लिया है। कम बसाहट के कारण पारंपरिक ऊर्जा के तहत खंभे लगाना संभव नहीं है। इस वजह से आदिवासियों के घरों में 300 वाट क्षमता का सौर पैनल लगाया जाएगा।

अलग खबर

## प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने किया था बसाहट क्षेत्र का दौरा

**खास बात**

- 23 बसाहटों के 279 घरों का किया गया है चिन्हांकन, क्रेडा करेगा विद्युतीकरण



फाइल फोटो

### सोलर पंप लगाने की योजना तैयार

पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले जनजाति परिवारों को पेयजल की सुविधा दिलाई जाएगी। पहाड़ में भूजल नीचे चले जाने के कारण हैंडपंप काम नहीं कर रहे हैं। लिहाजा ऐसे क्षेत्रों में पानी की व्यवस्था के लिए सोलर पंप लगाने की योजना तैयार हुई है। बालको पुटका पहाड़ में स्थित पहाड़ी कोरवा बस्ती दूधीटांगर में पेयजल की समस्या का निराकरण नहीं होने से ग्रामीणों ने पहाड़ी झरने के पानी को गांव तक लाया था। प्रशासन ने पानी की समस्या पर संज्ञान लेते हुए दूधीटांगर बस्ती में सोलर संयंत्र लगाने की तैयारी की है। ताकि पानी की समस्या का निराकरण हो सके। दूधीटांगर के अलावा भुरुमाटी, सर्रीडेरा, आंछीमार पहाड़ी कोरवा बस्ती है जहां पानी के लिए सोलर संयंत्र लगाए जाएंगे।

## मिशन वात्सल्य योजना के तहत प्रशासन करेगा खोजबीन

# सड़कों में घूमने वाले घुमंतू बच्चों को पहुंचाया जाएगा बालगृह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा औद्योगिक नगरी क्षेत्र में स्लम बस्ती और अन्य जिलों व प्रदेश से आकर यहां रहने वाले परिवारों को ऐसे बच्चों को बाल गृह पहुंचाया जाएगा जो सड़कों में घूमघूमकर सामान बिक्री का काम करते हैं या फिर किसी छोटे होटलों में काम करते नजर आते हैं। केंद्र सरकार की मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत इस कार्य को अंजाम दिया जाएगा। इसके लिए बाल संरक्षण समिति और श्रम विभाग की संयुक्त टीम बनाई जा रही है।

**खास बात**

- बाल संरक्षण समिति को दी गई जिम्मेदारी

कोरबा औद्योगिक नगरी में पिछले कुछ समय से स्लम बस्तियों की संख्या में वृद्धि होने के साथ आवारा घुमंतू बच्चों की संख्या में भी वृद्धि हो गई है। शहर के अलावा पड़ोसी जिले और अन्य राज्यों से रोजगार की तलाश में आने वाले गरीब परिवारों के बच्चे भी शहर के मुख्यमार्गों में सामान बेचते नजर आते हैं। वहीं कुछ बच्चे होटलों में काम करते हैं। ऐसे बच्चों को अब बाल गृह में भेजने की तैयारी की गई है। ऐसे बच्चे अपराध से ग्रसित न हो इस संभावना को देखते हुए राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के द्वारा प्रदेश सरकार को पत्र प्रेषित किया गया है जिसमें प्रदेश के औद्योगिक जिलों में बाहर से प्रदेशों से आने वाले गरीब परिवारों के बच्चों के देखरेख के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे बच्चों को बाल गृह में रखने एवं बड़े बच्चों को परिवार की समझाइश पर बाल गृह में रखने के साथ साथ स्कूल भेजने का भी कार्य किया जाएगा।

जिले में महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत काम करने वाले बाल संरक्षण समिति एंव श्रम विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा शहर और उप नगरीय क्षेत्रों में घूम रहे आवारा बच्चों का सर्वे अभियान शीघ्र ही शुरु किया जाएगा। मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत इस कार्य को अंजाम दिया जाएगा। इसके तहत सबसे पहले 5 से 10 वर्ष के बच्चों को बाल गृह में रखा जाएगा एवं बड़े बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रयास किया जाएगा। कलेक्टर अजीत वसंत ने इस संबंध में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर अभियान चलाने को कहा है।



फाइल फोटो

### इन क्षेत्रों में नजर आते है बच्चे

औद्योगिक नगरी कोरबा में घुमंतू बच्चे एसईसीएल कुसमुंडा दीपका सहित बांकीमोंगरा खदान के आसपास नजर आते हैं। जहां गरीब परिवार अपने रोजगार की तलाश में बिहार उत्तरप्रदेश और उड़िसा से इन क्षेत्रों में पहुंचते हैं। इसके अलावा कोरबा शहर के मुख्यमार्गों में पिछले कुछ दिनों से छोटे बच्चे सामान बेचते नजर आ रहे हैं। शहर के अलावा बालको उप नगरीय क्षेत्रों में संयंत्र के समीप बसी स्लम बस्ती चेकपोस्ट लालघाट, परसाभांठा, बेलगरीबस्ती में भी घुमंतू बच्चे सड़क में नजर आते हैं।

# रेलवे साइडिंग में कोयला की अफरा तफरी, पुलिस ने किया बेनकाब



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर स्थित रेलवे साइडिंग पर एक गिरोह द्वारा योजनाबद्ध ढंग से कोयले की अफरा तफरी करने का गोरखधंधा संचालित किया जा रहा था। जैसे ही इसकी भनक कानों तक पहुंची उन्होंने इस गिरोह का भांड़ाफोड़ करने के लिए विशेष टीम को फरमान जारी किया ओर विशेष टीम ने मौके से 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर कोयले से भरी 3 ट्रेलर व एक सोल्ड पोकलेन को जप्त किया गया है। पुलिस की इस कार्यवाही से इस अवैध कारोबार में लिप्त लोगों में हड़क़ंप मच गया हे।

**खास बातें**

- एसपी के निर्देश पर कोतवाली व मानिकपुर चौकी पुलिस ने मारा छापा
- 3 ट्रेलर व पोकलेन को किया गया जप्त, जिले में मचा हड़कंप

पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला को मुखबीर से सूचना मिली थी कि रेलवे साइडिंग मानिकपुर से कोयले की अफरा तफरी की जा रही है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नगर कोतवाल अभिनवकांत, उरगा थाना प्रभारी युवराज तिवारी, मानिकपुर चौकी प्रभारी प्रेम साहू के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने शनिवार की देर रात पुलिस की टीम ने रेल्वे साइडिंग मानिकपुर में घेराबंदी कर छापामार की कार्यवाही की। जहां पोकलेन के माध्यम से ट्रेलर वाहन में कोयला लोड किया जा रहा था जब मौके पर पुलिस द्वारा पूछताछ की गई तो कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल से एसईसीएल निवासी चंद्रकांत सोनी उर्फ राजा सोनी 40 वर्ष पिता स्व. जीवन लाल सोनी, आरामशीन निवासी भूपेन्द्र महंत 25 वर्ष पिता राजा बाबू महंत, मानिकपुर निवासी पंकज अजय 36 वर्ष पिता मुंचू अजय, नवापारा पाली निवासी हरिशंकर सरूता 20 वर्ष पिता राधे लाल सरूता, लाफा पाली निवासी सुनीक्षण कुमार गोड़ 25 वर्ष पिता राम प्रताप गोड, नवापारा कपोट निवासी गया प्रसाद निर्मलकर 24 वर्ष पिता लकेश्वर प्रसाद को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से कोयले से भरी 3 ट्रेलर वाहन व पोकलेन वाहन को जन्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 379, 413, 414, 34 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेज दिया गया है।

# बस की बैटरी में शार्ट सर्किट, उठी चिंगारी, बच्चों में मची अफरा तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिले के स्कूली बच्चे एक बस में सवार होकर जिले के पर्यटन केंद्र सतरेंगा पहुंचे थे जहां देर शाम को पिकनिक मनाकर बच्चे वापस अपने गंतव्य के लिए लौट रहे थे। इसी बीच बस के बैटरी में शार्ट सर्किट हो गई और धुआं उठने लगा। धुआं उठते ही बस में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बालको थानेदार दल बल सहित मौके पर पहुंचे जहां सभी बच्चे सुरक्षित थे।

**खास बात**

- सतरेंगा से पिकनिक मनाकर स्कूली बच्चे लौट रहे थे रतनपुर बिलासपुर

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिले बिलासपुर रतनपुर के बछालीखुर्द हायर सेकेण्डरी स्कूल के बच्चे एक बस व दो स्कार्पियो में सवार होकर पिकनिक मनाने सतरेंगा पहुंचे थे। पिकनिक से वापस लौटते समय देर शाम बालको थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अजगरबहार के समीप पहुंचे थे कि बस के बैटरी में शार्ट सर्किट हो गया और बस में चिंगारी उठने लगी जिससे बस में सवार बच्चों में चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना पाते ही बालको थाना प्रभारी नितिन उपाध्याय दल बल सहित मौके पर पहुंचे जहां सभी स्कूली बच्चों को सुरक्षित बताया गया है। बालको थाना प्रभारी नितिन उपाध्याय ने बताया कि घटना में किसी को चोट नहीं आयी है। पास के एक छात्रावास को खुलवाकर बच्चों को वहां सुरक्षित रखा गया है। बस को मेंटेनेंस कराकर बच्चों को सुरक्षित गंतव्य के लिए रवाना किया जाएगा।



वह बस जिसके बैटरी में हुई थी शार्ट सर्किट।

# एजेंसी की बजाय सीएससी सेंटर से भी गैस सिलेंडर ले सकते हैं उपभोक्ता

**मालखरौदा।** गांव-गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में गैस कनेक्शन लिए हुए हैं, जिनके लिए रिफीलिंग करने गैस एजेंसी तक आना बहुत मुश्किल होता है। ऐसे में केंद्र सरकार ने गांव-गांव में संचालित सीएससी सेंटर संचालित करने वाले को भी मिनी डिस्ट्रीब्यूटरशिप दे दिया है। अब ग्रामीण एजेंसी की बजाए यहीं से गैस का उठाव कर सकेंगे। भारत सरकार की पेट्रोलियम गैस मंत्रालय द्वारा ब्लॉक के मालखरौदा में इंडेन गैस एजेंसी का डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिया हुआ है। इसी प्रकार सिंघरा में एचपी गैस का डिस्ट्रीब्यूटर है, जबकि करीगांव में एच पी गैस डिस्ट्रीब्यूटर है। मालखरौदा इंडेन गैस ग्रामीण वितरक द्वारा अभी तक डिक्सी ,मोहनदीकला, करौवाडिह, कुरदा, छपोरा, घोघरी कर्रापाली, फगुरम ,भाटा, शेरो ,बड़े सीपत, भडोरा, हसौद, चिस्दा, अमनदुला, गोरखापाली , सकर्रा,सोना दुला, नरियरा, लीमगांव, सलनी, सुलोनी ,बड़े मुड़पार, जमगहन, नगझर चरोदा ,अडभार, आडिल, बोकरेल, बड़े पडरमुडा, सेंदुरस को मिनी डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिया हुआ है। इसी प्रकार एचपी गैस एजेंसी करिगाव, द्वारा भी सीएससी संचालक अमनदुला चरोदा, करिगांव सकर्रा जर्वे, झरना बुंदेली कडारी को मिनी डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिया है। इसके अलावा सिंघरा एचपी गैस एजेंसी द्वारा भी सीएससी सेंटर भदरी, फ़रसवानी , देवरघटा, नगझर, खेमड़ा, कटौद, कोटमी, सपिया, सिंघीताराई में मिनी डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिया है। इससे ग्रामीणों को फायदा मिलने लगा है।

### महिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की हुई बैठक

**कोरबा।** जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कुसुम द्विवेदी के अगुवाई में महिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय में आहूत की गई। बैठक में मुख्य रूप से महापौर राजकिशोर प्रसाद एवं युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज उपस्थित थे।इस दौरान कुसुम द्विवेदी ने बताया कि कांग्रेस नेता राहूल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी से प्रारंभ है जो छत्तीसगढ़ के पांच जिलों से होकर निकलेगी जिसमें कोरबा जिला भी शामिल है। जिस दिन यह यात्रा कोरबा जिले में पहुंचेगी उस दिन कोरबा के समस्त महिला कांग्रेस पदाधिकारियों को यात्रा में शामिल होना है। इस यात्रा में देशभर के सभी राज्यों के कांग्रेस नेता शामिल हो रहे है। इसके अलावा कांग्रेस संगठन द्वारा चलाये जा रहे डोनेट फार देश अभियान पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर महिला कांग्रेस से प्रभा तंवर, मनीषा अग्रवाल, अनिता महंत, त्रिवेणी राठिया, सीमा उपाध्याय, छतबाई चौहान, गीता महंत, पूजा महंत, संतोषी महंत, कांती यादव, धनेश्वरी चौहान, दावेन बेक, शालू पनरिया आदि उपस्थित थे।

हरिभूमि 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# 4 सौ वर्दीधारी उतरे सड़क पर, दिया जागरुकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिसे लेकर यातायात पुलिस प्रतिदिन लोगों को जागरुक करने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं। स्कूल कॉलेज में पाठशाला भी लगाई जा रही है। रविवार को इस कड़ी में यातायात पुलिस ने शहर में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को सड़क सुरक्षा सप्ताह के बारे में पाठ पढ़ाते हुए लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी अपने हाथों में तख्ती लेकर पैदल मार्च करते नजर आए और लोगों से अपील करते रहे कि यातायात नियमों का पालन करते रहें जिससे सड़क हादसों पर विराम लगाया जा सके।

**खास बात**

- सीएसईबी चौक से टीपीनगर तक निकाली गई रैली



लोगों को जागरुका करती यातायात पुलिस।

पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला के निर्देश पर रविवार को इस कड़ी में रक्षित निरीक्षक अनथराम पैकरा ट्रैफिक, एएसआई मनोज राठौर की अगुवाई में पूरी टीम जागरूकता रथ के पीछे पीछे सीएसईबी ग्राउंड से पैदल मार्च करते हुए ट्रांसपोर्ट नगर चौक पहुंची। इस रैली में सीआईएसएफ, होमगार्ड, एनसीसी के कैडेट्स, स्काउट गाइड के कैडेट्स व आम जनता सहित लगभग 400 से अधिक लोग शामिल हुए। रैली में तख्तियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा को लेकर तरह-तरह के स्लोगन लिखे गए थे और इसी स्लोगन के माध्यम से लोगों से अपील करते नजर आए कि आप लोग यातायात नियमों का पालन करें जिससे सड़क सुरक्षा माह को सफल बनाने में सहयोगी बनें। पुलिस द्वारा जिस तरह से जिले में यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया जा रहा है उससे जिले में यातायात माह सफल होता नजर आ रहा है। पुलिस द्वारा लगातार आयोजन के माध्यम से लोगों तक बात पहुंचाई जा रही है।

# पांच दिवसीय रामायण का हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भलपहरी के स्कूलपारा में अखंड ज्योति पंच दिवसीय रामयण का आयोजन ग्राम वासियों के द्वारा कराया जा रहा है जो कि कलश यात्रा के साथ 17 से 23 जनवरी तक श्री रामचरितमानस रामायण पाठ एवं मानस गायक वादक व भजन कीर्तन का आयोजन हो रहा है। आचार्य पं दयानंद कृष्ण महाराज एवं सहआचार्य जिज्ञासु महराज के द्वारा रोजाना पूजा पाठ के साथ महा आरती का आयोजन कराया जा रहा है। कीर्तन मंडलियों भजन प्रेमियों एवं गायन वादकों के द्वारा दूर दराज से भगवान श्री रामचंद्र के भजन कीर्तन के लिए पहुंच रहे हैं जहां ग्रामवासियों सहित आसपास के श्रद्धालुओं के द्वारा मंत्रमुग्ध होकर भगवान श्री रामचंद्र के कथा का रसपान करते हुए गायन वाद भजन कीर्तन का गंगा रूपी स्नान कर आनंद उठा रहा है। इस दौरान पूरे ग्रामवासियों के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए हैं रोजाना प्रसाद रूपी भंडारा प्रसाद बांटा जा रहा है।

